Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 24-12-2021 अंक 94

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेलर एवं ट्रक के टक्कर में घंटो रहा सड़क जाम

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में सुबह 6 बजे ट्रेलर एवं ट्रक की टक्कर हो जाने से घंटो सड़क जाम रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएल–01जी 4413 ट्रेलर का चालक शराब पीकर ट्रेलर चला रहा था। ट्रेलर कोल. कत्ता से नागालैंड जा रही थी। वही ट्रक संख्या यूपी 54टी 8773 बनारस से बंगाल जा रही थी। इसी क्रम में पंचमाधव के समीप दोनों वाहन आपस में टकरा गए। जिससे घंटो तक आवागमन बाधित रहा।हालांकि दोनों वाहन के चालक एवं उपचालक सकुशल रहे।



### बढ़ते ठंड और शीतलहरी को देखते हुए मोदी समाज की ओर से अलाव की व्यवस्था की जा रही है

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**रोहित कुमार**

गिरीडीह : बढ़ती ठंड को देखते हुए मोदी समाज की ओर से अलाव की बेवस्था की जा रही है जहाँ गिरीडीह के मनजोरी पंचायत के कोयरीडीह गाँव मे अलाव की बेवस्था की गई है। बढ़ती ठंड को देखते हुए मोदी समाज के निर्देशानुसार पंचायत मानजोरी के अंतर्गत कोयरीडीह चोक पर अग्नि की 31 दिसंबर तक व्यवस्था की गई है। जिसमे समाजसेवी रोहित मोदी, सुधांशु मोदी, प्रादुम मोदी का योगदान रहा ।

# बरही उप कारा जाने वाली सड़क की पुलिया ध्वस्त, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

## अपेम मुख्य संरक्षक ने सीएम को पत्र लिखकर सड़क मरम्मती की मांग





उपकारा जानेलाले सडक मे बने गड्ढे

**अपेम लाइवः बरही**

रसोइया धमना चकुरा टांड में स्थित बरही उप कारा, अग्निशमन कार्यालय एवं रॉयल आर्किड स्कूल जाने वाली सड़क की पुलिया ध्वस्त हो गई है। सड़क लगभग 7 फिट कट चुका है। अंदर से रोड़ खंडहर हो रहा है। कभी भी पूरा रोड धंस सकता है। गौरतलब है कि इसी रोड से जेल में कैदियों को ले जाया जाता है। जेल की गाड़ी की आवागमन इसी रोड से होती है। वहीं इसी रोड से अग्ि. नशमन की गाड़ियों का आवागमन होता है। चकुरा टांड में स्थित रॉयल आर्किड स्कूल की स्कूल बसे भी इसी रोड से आती जाती हैं। 15 फीट चौड़ी रोड में से 7 फीट रोड कट गया है। मात्र 8 फीट रोड में ही वाहनों का आना जाना होता है। उसमें भी अंदर अंदर 4 फीट रोड खोखला हो चुका है। जो कभी भी ध्वस्त हो



उपकारा जानेवाली सडक की स्थिति

सकता है। विडम्बना देखिए इसी रोड से जेल प्रशासन की गाड़ियां गुजरती है।। अग्निशमन की गाड़ियों का आना जाना होता है। बावजूद इस रोड की मरम्मती नही हो रही है। स्थानीय प्रशासन की संज्ञान में भी रोड की हालत है। इसके बाद भी अब तक रोड की मरम्मती नही की गई। मानो ये लोग किसी बड़ी घटना की इंतजार कर रहे हों। फिलहाल रोड़ की स्थिति ऐसी है कि यदि वाहन अनियंत्रित हुई तो 10 फीट गहरी खाई में वाहन गिर सकती है। सबसे ज्यादा डर स्कूली बच्चों की है। स्कूली बस बड़ी होती है। उसके अनुरूप सड़क की चौड़ाई काफी कम बची होती है। जिसके कारण दुर्घटना की प्रबल सभावना है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी ने मुख्यमंत्री से संज्ञान लेते हुए सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग की है।

# एक किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार , वन विभाग की जमीन पर गांजा की खेती करने के मामले में 15 पर प्राथमिकी

## एसपी ने बरही एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**

हज़ारीबाग़ एसपी के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में की गई छापामारी में एक किलो अफीम के साथ एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई चौपारण चोरदाहा चे. कपोस्ट पर चेकिंग कर की गई। वही पथलगाढा के करगा वन भूमि में अवैध तरीके से अफीम एवं गांजा की खेती करने के मामले में 15 लोगों के खिलाफ चौपारण थाना में प्राथ. मिकी दर्ज कराई गई है। दोनो मामले को लेकर हज़ारीबाग़ एसपी मनोज रत्न चौथे ने एसडीपीओ कार्यालय बरही में प्रेस वार्ता कर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। अफीम के मामले में एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने साथ अफीम लेकर तस्करी करने के लिए बस संख्या बीआर 2ळठ / 9394 पर बैठकर हजारीबाग से बिहार की ओर जा रहा है । गुप्त सूचना के आधार पर चोरदाह पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार मरांडी एवं सशस्त्र बल के द्वारा एसडीपीओ बरही नाजिर अख्तर के नेतृत्व में बस को रोका गया। तत्पश्चात विधिवत तरीके से तलाशी के क्रम में एक बैग से सफेद रंग के पारदर्शी प०लिथीन में करीब 1 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम पाया गया। अफीम रखे व्यक्ति से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम सुनील कुमार दांगी पिता राज. कुमार दांगी ग्राम सिंघानी थाना पथलगढा जिला चतरा बताया । कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हजारीबाग से अफीम का पट्टा लेकर तस्करी करने के लिए



प्रस वार्ता कर जानकारी देते एसपी मनोज रतन चौथे

जयमंगला बस से मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के दीपक कुमार पिता नाम मालूम पता मुरादाबाद उत्तर प्रदेश पहुंचाने हेतु ले जा रहा था। प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम तस्करी करने के आरोप में सुनील कुमार दांगी पिता राजकुमार दांगी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया । इस संदर्भ में चौपारण थाना में कांड संख्या 439 की धारा 414 , 34 भादवी एवं 17 (सी) 18 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त बनाया गया है। गिरफ्तार तस्कर से सिम लगा टच स्क्रीन एक पीस एवं सिम लगा इंटेल कीपैड छोटा मोबाइल बरामद किया गया।

अफीम एवं गांजा खेती के मामले में 15 पर प्राथमिकी अफीम एवं गांजा की खेती करने के मामले में हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की पत्थलगड़ा टोला करगा में वन भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से अफीम एवं गांजा की खेती की जा रही है । मामले की सत्यापन करते हुए चौपारण थाना पुलिस ने एसडीपीओ नजीर अख्तर के नेतृत्व में कई एकड़ में लगे अफीम एवं गांजा की खेती को नष्ट किया गया । साथ ही इस गोरखधंधा में लिप्त 15 नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। जिन पर प्राथमिकी दर्ज की गई उनमें सतीश सिंह पिता सुंदर सिंह ग्राम हरदिया थाना इटखोरी, नरेश सिंह पिता भुनेश्वर सिंह ग्राम पकरिया पोस्ट देहर थाना चौपारण, जसवंत सिंह पिता ईश्वर सिंह ग्राम पकरिया थाना चौपारण , उस्मान मियां ग्राम बड़वानी थाना इटखोरी, विनोद गंझु पिता रोहन महेंद्र गंझू पिता कालू गंझू, बैजनाथ गंझु पिता रोहन गंझु, प्रदीप गंझू पिता कर्म गंझू, रमन गंझु पिता किशन गंझू , बबुनी गंझू, पिता अमृत गंझू, महरु गंझू पिता अमृत गंझू, देवलाल गंझू पिता खीर गंझू, नारायण गंझू, पिता कईलू गंझु, लुकन गंझू पिता खेदन गंजू सभी ग्राम पत. थलगड़ा थाना चौपारण शामिल हैं। इसके अलावे 15 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथ. मिकी दर्ज की गई है । इस मामले में भी चौपारण थाना कांड संख्या 438 / 21 धारा 18 बी, 20 ए, 20 बी एन डी पी एस एक्ट, 33 भारतीय अधिनियम तथा 27/ 19 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# मंत्री सत्यानन्द भोक्ता पहुंचे प्रतापपुर, आपके अधिकार - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अब आपके घर तक पहुंचा रही है : सत्यानन्द भोक्ता

**अपेम लाइव : चतरा**
**प्रमोद सिंह**


कार्यक्रम का उदघाटन करते मंत्री व अन्य

चतरा : मंत्री सत्यानन्द भोगता प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत सिजुआ में आयोजित ष्आपके अधिकार - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। इसके उपरांत मंत्री ने कार्यक्रम में लगे सभी स्टालों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। कई मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्याओं को जल्द सुलझाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। माननीय मंत्री श्री भोगता ने लाभूकों के बीच कम्बल, पेंशन, जॉब कार्ड आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया।मंत्री भोक्ता ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं आम गरीबो तक पहुंचाया जा रहा है उन्होंने कहा कि सरकार गरीबो की है और गरीब के लिए ही काम कर रही है।मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव, अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी, जिलापरिषद सदस्य अरुण यादव, जिलापरिषद सदस्य विक्रम यादव, राजद प्रदेश नेता चन्द्रिका यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, राजद नेता अतीक मंसूरी, राजद नेता भोला साहू समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# सड़क जाम की समस्या को लेकर थाना परिसर में बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव मुख्य चौक पर बार-बार हो रही सड़क जाम को लेकर बड़कागाँव थाना परिसर में थाना प्रभारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक की गई। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सड़क जाम एवं प्रदूषण समस्या से निजात पाने को लेकर को विशेष रुप से चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रुप से नो एंट्री का पूर्ण रूप लागू करना, पार्किंग व्यवस्था करना, नाली निर्माण, अतिक्रमण की समस्या आदि बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि अपने संसाधन के अनुसार सड़क जाम से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि समस्या का समाधान के लिए हम सभी को प्रशासन का सहयोग करना होगा और बिना वजह दोपहिया वाहन आदि गाड़ियों को जहां-तहां खड़ा नहीं करें। वही राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि टडंवा एवं बादम से हजारीबाग आने जाने वाले तमाम बड़े वाहनों के लिए मुख्य सड़क हजारीबाग पर खड़ा ना करे, नई बस पड़ाव की व्यवस्था करना होगा। बैठक में इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद , एसआई अजीत कुमार, रुस्तम अली, बाबूलाल चातर , एसओ थ्रिवेणी सैनिक के चंद्रदेव यादव ,रामसेवक सोनी, मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजीव रंजन ,कजरू साव, रंजीत कुमार चौबे ,योगेंद्र महतो, शिवलाल गुप्ता, बिसुन रजक , प्रभु राम, पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी ,तुलेश्वर नाम, शिव शंकर ठाकुर, सतीश कुमार दास, सोनू इराकी, संजय खंडेलवाल, मनोज खंडेलवाल, पवन खंडेलवाल, विष्णु खंडेलवाल, मुकेश जयसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---25.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ॠतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---षष्ठी तिथि दिन 04:02 तक उपरांत सप्तमी तिथि
दिन :---शनिवार
नक्षत्र :---पू.फ़ा. नक्षत्र
योग :---प्रीति
करण :---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---सिंह राशि में
आज का राहूकाल दिन :---09:00 बजे से दिन :---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से शानिजन पीड़ा से राहत मिलता है।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

## सूचना

**अपेम लाइव : बरही**



आप सभी को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक यानी शनिवार को 11 बजे सिमरिया विधायक किशुन दास का पुतला दहन का कार्यक्रम बरही मे रखा गया है। जिसमे आप सभी सादर आमंत्रित है।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दुधपनिया में महीनों से खराब पड़ा चापाकल को पूर्व मुखिया मनोज कुमार ने किया मरम्मत



चापानल मरम्मत करवाते पुर्व मुखिया

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के दुधपनिया में दो चापाकल महीनों से खराब पड़ा हुआ था। जिससे आस पास के ग्रामीणों को पानी का समस्या उत्पन्न हो गया था। जब इस बात की जानकारी करियातपुर पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार एवं युवा समाजसेवी मुकेश कुमार को मिली तो उन्होंने दोनों चापाकल को मरम्मत कराया। जिससे आस पास के ग्रामीणों में खुशी है। और ग्रामीणों ने उनका आभार प्रकट किया है।

## खेलेगा मेरा गांव तभी तो बढेगा मेरा गांव : संजय यादव

**अपेम लाइवः बरही**



खेल सामग्री वितरन करते संजय यादव

शुक्रवार को पंचमाधव पंचायत के माधोपुर गावं में समाजसेवी संजय यादव ने खेल सामग्री का वितरण किया। किट वितरण के दौरान सुनिल यादव, जमीर मियां, ईदु मियां, मधु मियां, महादेव यादव, एवं तुलसी यादव मौजूद रहे। खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम के संयोजक संजय यादव ने कह की मैं स्वयं एक खिलाडी रहा हूं। इसी खिलाड़ी भावना ने आज मुझे जनता की सेवा करने का मौका दिया है। साथ ही श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का बढ़ावा देना मेरी पहली प्रा. थमिकता रहेगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कई खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। आए गए जनप्रतिनिधियों कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया, मैं इन प्रतिभाओं को निखारना चाहते चाहता हूँ। सिर्फ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होने से प्रत्याशी सो गए हैं। जबकि जिन्हे समाज और क्षेत्र की चिंता है। वह आज भी कायम हैं। खिलाड़ियो में प्रदीप कुमार राणा, विपिन कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव, अनीश कुमार राणा, प्रिंस कुमार यादव, शुभम कुमार यादव, अभिराज कुमार यादव, रमेश कुमार यादव, नितेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार यादव, संदीप कुमार यादव, रोहित कुमार यादव, रोहित कुमार राणा, पिंटू कुमार यादव, एवं पवन कुमार मौजूद थे।

## न्यू लिटिल फ्लॉवर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया तिलैया डैम का भ्रमण



तिलैया डैम का भ्रमन करते बच्चे

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटिल फ्लव्वर पब्लिक स्कूल के बच्चो ने गुरुवार को तिलैया डैम का भ्रमण किया। साथ ही ज्वाहर घाट में वनभोज का भी आनंद लिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार, शिक्षक परमेश्वर प्रजापत्ति, ललिता कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं प्रियंका कुमारी बच्चों में गुलफाम अंसारी, अमन कुमार, ईश्वर कुमार, गौरव राज, आशीष कुमार, सौरव कुमार, आरव कुमार, रिंकी देवी, चीकू कुमार, अंकुश राज एवं अलीजा शामिल है।

## इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स के प्रदेश अध्यक्ष बने मुकेश राणा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**



इंटरनेशनल ह्यूमन्स राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमरेन्द्र कुमार ने झारखण्ड प्रदेश में अपने संगठन का विस्तार करते हुए चौपारण प्रखण्ड के बिशनपुर निवासी मुकेश राणा को झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनय करते हुए बड़ी जिम्मेवारी दिया। इस संदर्भ में मुकेश राणा ने संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो भी जिम्मेवारी दिया गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूँगा। कहा सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों, दलित, शोषितों को न्याय दिलाने के लिए हम हर सभव कार्य करेंगे। श्री राणा ने इस दौरान सभी अधिकारिक, राजनीतिक, मीडिया बंधु से इस कार्य के लिए सहयोग करने का किया मांग। मुकेश राणा ने कहा कि जिला स्तर और प्रखण्ड स्तर पर हमारे संगठन का विस्तार किया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरुक करूँगा। मुकेश राणा के मनोनय से चौपारण वासियो सहित विश्वकर्मा समाज मे हर्ष का माहौल है।

## पदमा मुखिया ने किया कंबल वितरण



कंबल वितरन करते मुखिया

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन राज मेहता**

पदमा प्रखंड अंतर्गत पदमा पंचायत के मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रति. निधि जितेंद्र मेहता एवं पदमा प्रमुख बिपिन मेहता ने लगातार बढ़ रहे ठंढ को देखते हुए गरीब व असहाय के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर अर्पणा सिन्हा, खुर्शीद राय, समाजसेवी फईम अंसारी, राजू राणा एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे के अवसर पर क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल बच्चे एवं शिक्षक

सरगम इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे के पूर्व संध्या पर बच्चों के बीच क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी क्लास के बच्चों के बीच संता क्लॉज के द्वारा मिठाइयां और च०कलेट का वितरण किया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य ओमकार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह और भाईचारा बनता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यक्ष राजदेव दांगी, उपाध्यक्ष सरोज कुमार सोनी ,निदेशक राजेश कुमार सोनी, सचिव शंकर कुमार, उप सचिव शंकर कुमार दास, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओंकार कुमार मिश्र की विशेष भूमिका रही साथ में कार्यक्रम में बच्चों के बीच संता क्लॉज को तैयार करने में शिक्षक तथा शिक्षिकाओं मुशर्रफ, अंशु, सुमन, नंदिनी, विवान, पार्वती निशा रूबी तंद्रा तथा साजिद की भूमिका रही ।

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के द्वारा उरूब गांवों में 100 कंबल का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते रंजीत कुमार व सरोज सोनी

बड़कागांव शीतलहरी व सर्द हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए ठंड से ठिठुरते गरीब, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच आर्य कर्ण निधि ली के द्वारा साम. ुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत उरूब गांव में कंबल वितरण किया गया। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजित कुमार, सरोज सोनी एवं अन्य सदस्यों के हाथों कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीब तबके के लोग काफी उत्साहित हुए । शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर लाभार्थी थोड़ी देर के लिए भावुक हो गये और आर्य कर्ण निधि की इस पहल की खूब सराहना की। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि आर्य कर्ण निधि लिमिटेड द्वारा गरीब व निर्धन, को ठंड से बचाव के लिए उरूब सहित अन्य गांव में लगभग 100 कंबल का वितरण अब तक किया गया है। गरीब लोगों की सेवा से ही पुण्य प्राप्त होती है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। अन्य गांव में वृद्ध, , निर्धन लोगों की सूची तैयार की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके।बताते चलें के इन दिनों पूरे प्रखंड में हाड़ कपकपा देने वाली ठंड पड़ रही है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, संयोजक सरोज सोनी, पवन कुमार ,विनोद सिन्हा ,कृष्णा राम चौहन साव ,दिलीप राणा , विकास कु रवि, दिपक भुइयां, इंद्रजीत आदि ने कंबल वितरण में सराहनीय भूमिका निभाई।

## जीप अध्यक्ष सुशीला देवी ने उरेज अजीविका महिला ग्राम संगठन क्लस्टर कार्यालय का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल सुशीला देवी एवं अन्य

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत आंगो पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सहयोगी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अधीन उरेज आजीविका महिला संगठन क्लस्टर कार्यालय का उद्घाटन आर एंड आर क०लोनी उरेज में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी एवं विशिष्ट अतिथि प्रमुख राजमुनी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपिका देवी एवं संचालन सुलेखा देवी ने किया।जीप अध्यक्ष सुशीला देवी एवं प्रखंड प्रमुख राजमुनी देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष जरूरी है।क्षेत्र की महिलाएं लगातार संघर्ष कर रही है इसका परिणाम है की क्षेत्र की महिलाओं में विकास की ओर बढ़ रही है।महिलाएं अपने पैरों पर खड़े हो रही है।मौके पर मुख्य रूप से जीप अध्यक्ष सुशीला देवी, प्रमुख राजमुनी देवी,आंगो पंचायत मुखिया सीता मरांडी, उप मुखिया रमन गंझू , समा. जसेवी कालेश्वर गंझू, सीसी नंदलाल कुमार, पीआरपी समनीका, देवी मै. नेजर गंझू , जागेश्वर गंझू,महेश महतो,अरविंद सिंह, ममता देवी एवं सुलेखा देवी सहित समुह के दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## महिलाएं जेएसएलपीएस समूह से जुड़कर हो रही आत्मनिर्भर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



आजीविका महिला संकुल संगठन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं समेत अन्य

विष्णुगढ़ आजीविका महिला संकुल संगठन कार्यक्रम का आयोजन विष्णुगढ़ इंटर क०लेज सभागार में किया गया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के द्वारा खासकर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने को लेकर जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद आदि ने फीता काटकर व दीप प्रज्व. लित कर किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामूहिक रूप से स्वावलंबी बनाने का काम कर रही है। समूह से जुड़कर महिलाएं एक दूसरे के सहयोग से ग्रामीण इलाकों में कई बेहतर कार्य किए हैं। समूह की म. हलाओं का कोरोना काल में स्वास्थ्य चेकअप, मास्क, सेनेटाइजर वितरण से लेकर कोविड़ टीकाकरण में भी बढ़ चढ़कर सहयोग रहा। संगठन ने भी महिला समूहों को हर तरह से सहयोग किया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में म. हलाओं ने अपनी आय का साधन बनाया है। बताया कि विष्णुगढ़ प्रखंड में कुल 292 समूहों में 279 सक्रिय समूह हैं। जिसे 15 हजार प्रति समूह के रुप में करीब 42 लाख रुपए ऋण वितरण किया गया है। इसके माध्यम से महिला समूह को स्वावलंबी एवं समृद्ध किया जा रहा है। कार्यक्रम में कई महिला समूह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गोविंदपुर ग्राम प्रधान कैलाश महतो, रीना बर्मन समेत कई लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में घर के बाहर खड़ी बोलेरो की चोरी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में वाहन चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात चोर घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी कर फरार हो गए। घटना प्रखंड के चेड़रा पंचायत की है। बताया जाता है कि चालक चंद्रशेखर कुमार पांडेय पिता बैजनाथ पांडेय अपने घर रमुवां स्थित मनसा मंदिर के पास बोलेरो (जेएच02डब्ल्यू 2254) को शाम में खड़ा कर रखे थे। सुबह जब वे सोकर उठे तो देखा कि बोलेरो गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का पता नहीं चला। बोलेरो करोंज मोड़ निवासी परमेश्वर प्रसाद पिता मनी साव के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसे लेकर वाहन मालिक ने विष्णुगढ़ थाना में आवेदन देकर जांच पड़ताल की मांग की है। विष्णुगढ़ में आए दिन बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं से ला. `गों में भय है।

## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने क्रिसमस की दी शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्रवासियों को क्रिसमस की बधाई देते हुए शुभकामना संदेश दी है मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए सत्य, प्रेम,करुणा और क्षमा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि शांति सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाने में मसीही समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। हम सभी को प्रभु ईसा मसीह के रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। कहा कि सभी धर्म दूसरों को भलाई करने के संदेश देती है, हम सभी का यह मकसद होना चाहिए कि हम लोग एक दूसरे का ध्यान रखें , सुख दुख की घड़ी में एक दूसरे का सदैव साथ दें। क्रिसमस का यह पावन पर्व भी हमें यही संदेश देता है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मदन मोहन मदलवीय एव अटल बिहारी बाजपेयी ने देश नई दिशा दी, उनकी जीवनी प्रासंगिक : रजनीश

### भामाशाह विद्यालय में मनाई गई मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मदिन

**अपेम लाइव : बरही**


मदन मोहन मदलवीय एव अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मानते बच्चे

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय ने कहा कि मदन मोहन मालवीय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक थे। उन्होंने बताया कि मदन मोहन मालवीय भारत के पहले और आखिरी व्यक्ति थे, जिन्हें महामना की उपाधि से विभूषित किया गया। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वाजपेयी भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे। इनकी विद्वता और आदर्श देशवासियों को सदा प्रेरित करते रहेंगे। आचार्या जुली जी ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता आओ दीप जलाएं का कविता पाठ करते हुए बच्चों को इनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं विद्यालय के आचार्य चंद्रमोहन मिश्र ने मदन मोहन मालवीय के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने के साथ आजादी के आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई। साथ ही उनके जीवन की एक कहानी भी उन्होंने बच्चों के बीच सुनाई। विद्यालय के बहन निकिता कुमारी, अनु कुमारी, माही कुमारी, खुशबू कुमारी, दिव्या कुमारी, मिनाक्षी कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नेहा झा के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार झा, पुष्पलता कुमारी, लिकेश्वर राणा, विनोद कुमार सिंह, रविशंकर प्रियदर्शी, मनीष कुमार सिन्हा, रेशमी कुमारी, राखी कुमारी, मनोज सिंह, सुरेंद्र मंडल, अंशु कुमारी सिंह, अभय कुमार सिंह, सविता कुशवाहा, नेहा मिश्रा, सुनील कुमार महतो, ममता कुमारी, विनोद राम, प्रियंका भारती, धीरज कुमार, मुकेश कुमार , अमित कुमार झा, सुनीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

## शहर में चोरों का आतंक रुक नही पा रहा फिर दिभा मुहल्ला में हुई चोरी

**अपेम लाइव : चतरा**
**प्रमोद सिंह**


बिखरा पडा सामान

चतरा : जिले के कुंदा पंचायत के मुखिया प्रत्याशी इचातु गांव निवासी गोपेंद्र कुमार उर्फ गोपी यादव के चतरा स्थित छठ तालाब दिभा मोहल्ला स्तिथ आवास से कल रात्रि में चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर नई होंडा साइन बाइक(JH02BE7342) समेत घर से बक्सा अटैची आदि तोड़कर कई कीमती सामान बर्तन कपड़े कैमरा घड़ी एव कीमती सामान वैगरह ले भागे। गौरतलब है कि गोपेन्द्र यादव इस समय कई महीनों से पैतृक गांव इचातु में परिवार समेत रह रहे हैं। इनके दो बच्चे नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा पास कर छात्रावास में रह रहे हैं। इस सम्बंध में श्री यादव ने बताया कि अपने पिता मनोहर यादव के निधन के बाद से ग०व में शिफ्ट हो गए हैं।उनके परिवार के लोग पत्नी और दोनों छोटे बच्चे गांव में ही रह रहे हैं।श्री यादव 24 दिसबंर को रांची में आयोजित सीटेट की परीक्षा में शामिल होने के लिए 23 दिसम्बर को अपने आवास में बाइक खड़ी कर बस से रांची निकल गए थे। चोरी के सूचना पाकर पीड़ित परिवार काफी परेशान हैं।चोरी की सूचना चतरा सदर थाना पुलिस को दे दी गई है।घटना की सूचना पाकर मौका ए वारदात का जायजा लिया। पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर चोरी की घटना बढ़ जाने से लोग काफी चिंतित हैं अन्य घटना का अबतक उद्भेदन नही होने के वजह शहर के लोगो मे बढ़ी चिन्ता।

## इश्तियाक अहमद बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्राथमिक विद्यालय उर्दू नवादा में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। ग्राम पंचायत प्रधान रबीना खातून की उपस्थिति में गठित समिति में इश्तियाक अहमद अध्यक्ष मनोनीत किये गए। वहीं, रूही परवीन उपाध्यक्ष तथा शबाना खातून संयोजिका मनोनीत हुई। पर्यवेक्षक इकबाल हुसैन के द्वारा विधिवत चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया। मौके पर सचिव खुर्शीद आलम, अभिभावक, शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सात वर्ष से दिव्यांग महिला को नही मिला प्रमाण पत्र और ना ही व्हील चेयर, महिला के पति ने सुनाई आपबीती

**अपेम लाइव : बरही**


दिव्यांग महिला का पति बासुदेव मोदी

बरही प्रखंड़ अंतर्गत भंडारों पंचायत के तेतरिया निवासी सुमित्रा देवी पति बासुदेव मोदी पिछले सात वर्ष से दिव्यांग है। महिला उठने बैठने में पूरी तरह से असमर्थ है। महिला के पति बासुदेव मोदी ने कहा कि वह कई बार प्रखंड कार्यालय तो कई बार डीसी कार्यालय का चक्कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए लगा चुका हूं। लेकिन अभी तक मेरी पत्नी का दिव्यांग प्रमाण पत्र नही बन पाया। जिसके कारण आज तक इनको कोई सरकारी लाभ नही मिल पाया है। वहीं बासुदेव मोदी ने कहा कि मैं अपनी पत्नी को लेकर जब भी बरही अनुमंडलीय अस्पताल आता हूँ, तो डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी हमेशा मुझे आर्थिक मदद करते है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज मेरे पास मेरी पत्नी का ईलाज करवाने के लिए पैसा नही था तो अनुमंडलीय अस्पताल के प्रधान सहायक पंकज कुमार आनंद एवं बरही के युवा पत्रकार अजय कुशवाहा ने मुझे आर्थिक सहयोग किया है। उक्त घटना की जानकारी भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता ने बरही एसडीओ को देते हुए महिला का दिव्यांग पत्र बनाने की मांग किया है।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक व पूर्व विधायक ने शुक्रवार बाजार का किया उद्धघाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**

**विक्रम सिंह**



चलकुशाः. प्रखंड के ग्राम पंचायत अलगडीहा में शुक्रवार बाजार का उद्धघाट्न बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से नारियल एवं फीता काटकर किया। ग्राम अलगडीहा के मंगल बाजार की जगह पर क्षेत्र के लोगों ने विचार किया पुनः उसी जगह पर दिन शुक्रवार को बाजार लगाया जाए जिससे क्षेत्र के लोगों को हरी सब्जियां लेने में सुविधा मिलेगा। मौके पर चलकुशा थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, उप प्रमुख दुर्गा यादव, ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, अलगडीहा प्रधान भुनेश्वर दास, भीखी सिंह, आलोक सिंह वासुदेव यादव , मोहसिन कमाल, गोविंद चौधरी ,तफज्जुल हुसैन, रामजीत रजक ,मनोज यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शव यात्रा में शामिल हुए विधायक

**अपेम लाइव : चलकुशा**

**विक्रम सिंह**



प्रखंड के ग्राम पंचायत मनैया निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के मां मंदोदरी देवी की मौत बीती रात हो गई। इसकी सूचना बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को मिला। जिसके बाद विधायक ने उनके निवास मनैया पहुंच कर विगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किया। शव यात्रा में बरकट्ठा जीप सदस्य कुमकुम देवी ,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ,विजय चौधरी, अजय सिंह, गोविंद चौधरी, इंदर देव चौधरी, सविता सिंह टुकलाल नायक, भोला प्रसाद ,इंद्रदेव यादव,विक्रम सिंह, पिंटू मोदी, बैद्यनाथ राणा काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## करमा के बच्चों ने पिकनिक के साथ प्राकृतिक सुंदरता का किया अवलोकन

**अपेम लाइव :चौपारण**

**किशोर कुमार**



प्रखण्ड के मध्य विद्यालय नेवरी करमा के विद्यार्थियों ने वर्ष 2021 में स्कूल के अंतिम दिन को यादगार लम्हों में बिताया। प्रबंधन समिति में पैसे नहीं रहने के कारण सभी विद्यार्थियों ने अपने प०केट मनी से पैसे जमा कर विद्यालय के शिक्षकों के पास पिकनिक ले जाने का अनुरोध किया। विद्यार्थियों की उत्सुकता देख उच्च पदाधिकारियों को सूचित करते हुए वर्ग छठा से अष्टम के सभी विद्यार्थियों ने प्रखण्ड के गम्हरिया जंगल में पिकनिक का आनन्द उठाया। जंगल जाने के दौरान शिक्षक राजेश कुमार मेहता व नौशाद आलम द्वारा बच्चों को जंगल की हरे भरे वृक्षों की पहचान व प्रकृति की सुंदरता का अवलोकन करवाया। पर्यावरण सन्तुलन के लिए पेड़ पौधे के महत्व को समझाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक राजेश मेहता, नेमा यादव, नौसाद आलम, संजय यादव, अध्यक्ष सीताराम यादव, रसोइया – कौशल्या देवी, मीना देवी, कौशल्या देवी, सहित वर्ग छठा से अष्टम के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

## बलगो पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव :**

**बिरनी/गिरिडीह**

**सब्बा अहमद**








काफी संख्या में उमड़ी भीड़।

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बलगो पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारियों को पूरा जोर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। जिसमें बाल. विकाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति कोविड 19 टिक समेत सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई। जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो को इसका लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी सीओ अशोक राम पशुपालन पदा. धिकारी सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया जानकी रजक पँचायत सेवक रोजगार सेवक मुरली ध्रव वर्मा समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण नेतागण मौजूद थे। वही बिरनी सीओ द्वारा मुहझूठी भी किया गया।

## बिचौलियों को धान बेच रहे किसान, नही मिल पा रहा सही दाम,

### 26 पंचायतों में मात्र तीन पैक्सो को मिला धान क्रय करने का अधिकार, दूरी कि वजह से किसान है परेशानी

**अपेम लाइव :चौपारण**

**किशोर कुमार**



प्रखण्ड के 26 पंचायतों के कुल 269 गांवों में औसतन धान की उपज इस वर्ष बहुत अच्छा हुवा है। धान की अच्छी उपज के साथ बिचौलिया भी सक्रिय होकर गांव गांव घूम कर किसान को बहला फुलाकर धान महज 11 से 12 रुपये प्रति केजी खरीद रहे है। प्रखण्ड में मात्र तीन पैक्स भगहर, चौपारण व डेबो में खुला है। चौपारण प्रखण्ड का भौलिक क्षेत्रफल लगभग 50 किमी है जिस कारण किसानों के लिए वहां एक दूसरे पैक्सों तक पहुँचना परेशानियो का सबब बना हुआ है। वही सरकार द्वारा देरी से धान खरीदने के फरमान ने भी किसानों को बिचौलियों हाथ फसल बेचने को मजबूर किया। रही कसर किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वर्ष बच्छई, बेला, दादपुर को धान क्रय करने की अनुमति नही देने से भी किसानों को पंजीयन के पेंच में फसना पड़ेगा। मिल रही जानकारी के अनुसार कई गांवों के किसानों को ये भी पता नही होता कि पैक्स में धान बेचने से बिचौलियों के अपेक्षा दोगुनी रकम मिलेगा। कारण पूछे जाने पर किसानों ने बताया कि प्रचार प्रसार की कमी के वजह से बहुत किसानों को पैक्स के बारे में पता भी नही चलता व पता चलने पर पंजीयन के पेंच से वापस लौट जाते है। कुछ किसानों ने बताया कि सरकारी गोदाम में धान बेचने के बाद राशि लेने के लिए महीनों इंतेज़ार करना पड़ता है। इधर बिचौलिये किसानों को नगद राशि देकर व सरकारी नियमो में पेंच बता कर भारी मात्रा में धान क्रय कर रहे है।किसान भाई पैक्सों में ही धान बेचे, बिचौलियों से रहे सावधान रू एसडीओइस संदर्भ में पूछे जाने पर एसडीओ बरही पूनम कुजूर ने किसान भाइयो से अपील किया कि बिचौलियों से सावधान रहें व अधिकृत धान क्रय केंद्रों में ही अपना धान बेचे। एसडीओ ने कहा कि बिचौलियों का पहचान कर कार्यवाई करने के लिए चौपारण बीडीओ को बोल दिया गया है। आवेदन भरकर ब्लॉक में करें जमा, पंजीयन में नही कोई परेशानी बीडीओ चौपारण बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बताया कि किसान अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों में पंजीयन करवा कर उसका एक क०पी प्रखण्ड कार्यालय स्थित कृषि पदाधिकारी के पास जमा करें। सत्यापन के बाद डीएसओ हजारीबाग भेज दिया जाएगा। डीएसओ ऑफिस से किसान के मोबाइल में एक मैसेज जाएगा जिसे लेकर किसान पैक्स में जाएं और अपना धान क्रय करे।

## जिस पंचायत और वार्ड में पोस्ता लगा हुआ पाया गया तो वैसे स्थान के मुखिया वार्ड या समिति सदस्य पर होगा कानूनी कार्रवाई : एस डी पी ओ

### पोस्ता उन्मुलन को लेकर कोल्हैया पांचायत के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बी डी ओ ने किया बैठक

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**





पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बीडीओ ने किया बैठक

पोस्ता उन्मुलन को लेकर उपायुक्त अंजली यादव के दिशा निर्देश पर अंचल अधिकारी हुलास महतो एवं अंचल निरीक्षक अभय रंजन ने कोल्हैया पंचायत में पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ अफीम को सफाया के लिए बैठक किया।बैठक में पंचायत के मुखिया, समिति सदस्य,सभी वार्डो के वार्ड सदस्य शामिल हुए।बैठक में अफीम पोस्ता की खेती के उन्मूलन पर चर्चा हुआ।बी डी ओ सह अंचल अधिकारी ने उपस्थित प्रति. निधियों को कहा कि पंचायत में जिस वार्ड में अफीम की खेती यदि किया गया है तो वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड की लगे पोस्ता की खेती की जानकारी थाना और अंचल को दें।और यदि सुचना नहीं दिए और उस वार्ड में अफीम की खेती की जाती है तो उसका जिम्मेवार वार्ड सदस्यों के साथ मुखिया और समिति सदस्य दोनो होंगे।उन्ही पर एन डी पी एस एक्ट के तहत विधि सम्वत कार्रवाई की जाएगी।वहीं एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने बताया की जिस जिस जंगली क्षेत्रो, जिन गांव में या जिस घर के अगल बगल पोस्ता लगा मिला तो उस घर के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज होगा।और यदि वार्ड सदस्य,मुखिया या समिति सदस्यों की संलिप्तता पोस्ता की खेती करने में होती है तो वैसे प्रति निधियों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।पोस्ता की खेती करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है और वैसे लोगो को पुलिस चिन्हित कर रही है जिस पर एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करना है।इस लिए जो खेती पोस्ता का कर रहे हैं वे सावधान हो जाएं,लगाए पोस्ता को जोत कर मुकदमा होने से बचें,यदि मनाही के बाद भी पोस्ता की खेती करते है तो वे सलाखों के पीछे जाएंगे ही।श्री कुमार ने कहा कि जिस वार्ड में पोस्ता लगा पाया जाता है तो वैसे वार्ड के वार्ड सदस्य और मुखिया तथा समिति सदस्य पर भी मामला दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस अफीम माफिया और पोस्ता की खेती करने वालो के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। शीघ्र ही गड़िया,अमकुदर, नारे, इइइधवाईया, पचफ़ेदी ,सिकिद, रमखोता,पथेल,बिरबिरा, कोटाप,डुमरिया आदि जंगलों में लगे पोस्ता को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा,किसी भी जगह पर पोस्ता है उसे प्रशासान नष्ट करेगी।उन्होंने कहा कि यदि जंगल के जमीन पर पोस्ता लगा पाया गया तो वन कर्मी केस करेंगे और रैयति या ग़ैरमजरुवा पर हुआ तो अंचल कर्मी केस करेंगे।बताते चले कि राजपुर थाना क्षेत्र में जिला प्रशासन के मना करने के बावजूद भी लगभग दो हजार एकड़ से अधिक भूमि पर पोस्ता की खेती की गई है। जिसमे जंगल की और रैयती और ग़ैरमजरुवा दोनो भूमि पर खेती हुआ है।

APEM LIVE